भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 336

दिनांक 02 दिसम्बर, 2025

आईसीएआर द्वारा विजन 2047 लक्ष्य

336. श्री टी. एम. सेल्वागणपति :

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) विजन 2047 लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पंचवर्षीय योजना को पुनर्जीवित करने पर विचार कर रही है;

(ख) क्या आईसीएआर ने तत्काल कार्यान्वयन के लिए 18 कार्रवाई योग्य बिंदु जारी किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या 2017 में पंचवर्षीय योजना को बंद कर दिया गया था और इसके बजाय नीति आयोग के तहत अधिक लचीले ढांचे में बदल दिया गया था; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री भागीरथ चौधरी)

(क) से (घ) : भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा एक टिकाऊ एवं जलवायु-अनुकूल कृषि खाद्य प्रणाली के लिए अपनी अल्पावधि, मध्यावधि तथा दीर्घावधि कार्य-योजनाओं के माध्यम से विज़न दस्तावेजों और सरकारी प्राथमिकताओं के अनुरूप केंद्रीय सेक्टर योजना चलाई जाती है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की अधिदेशित गतिविधियों को शामिल करते हुए अगले पांच वर्षों (16वां वित्त आयोग चक्र) के लिए व्यय वित्त समिति (EFC) प्रस्ताव विचाराधीन है और अनुसंधान पर कहीं अधिक ध्यान केंद्रित किया जा रहा है जो कि विकसित भारत @ 2047 के लक्ष्यों के अनुरूप है। इसके अंतर्गत प्लेनेटरी सीमाओं के भीतर उत्पादित पोषणिक एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य, मृदा स्वास्थ्य, भूमि अपघटन न्यूट्रालिटी में सुधार करना, जलवायु-अनुकूलता का निर्माण करना, टिकाऊ सघनीकरण करना, तथा दलहन, तिलहन एवं बागवानी फसलों, प्राकृतिक खेती एवं अपशिष्ट रिसाइक्लिंग आदि को शामिल करते हुए विविधीकरण करना शामिल है। जीनोम एडिटिंग, गहन प्रौद्योगिकी (deep tech), डेटा संचालित डिजिटल रूपांतरण, समुचित मशीनीकरण का उन्नयन आदि जैसे नए अग्रणी विज्ञान पर विशेष बल दिया जा रहा है। ईएफसी मीमो 2026-27 से 2030-31 में कृषि उच्चतर शिक्षा, विस्तार, कौशल विकास और मूल्य-श्रृंखलाओं का सुदृढ़ीकरण करना अभिन्न अंग के रूप में शामिल है।

****